**2024** अंक 1

CONNECTICUT Early Childhood
**Parent Cabinet**
CONNECT • LISTEN • PARTNER • ACT

# कनेक्टिकट के प्रारंभिक बाल्यावस्था कार्यालय के **पैरेंट कैबिनेट की ओर से न्यूज़लेटर**



## पैरेंट कैबिनेट न्यूज़लेटर के प्रथम अंक में आपका स्वागत है!

प्रारंभिक बाल्यावस्था कार्यालय (OEC) का पैरेंट कैबिनेट 15 सदस्यों वाला एक विविध और अभिभावकों द्वारा संचालित एक सलाहकार समूह है जिसका मकसद OEC के साथ मिलकर पूरे राज्य में बच्चों और परिवारों के जीवन को बेहतर बनाना है। पैरेंट कैबिनेट के सदस्य स्थानीय और राज्य स्तरों पर अभिभावकों और परिवारों की आवाज को बुलंद करने में एजेंसी के प्रयासों में सक्रिय और सार्वजनिक भूमिका निभा रहे हैं।

राष्ट्रीय स्तर पर, कनेक्टिकट को हमारे काम को अन्य राज्यों के सामने प्रस्तुत करने और उनके साथ साझा करने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। OEC पैरेंट कैबिनेट के प्रभाव के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया **ctoec.org/parent-cabinet**.

## पहले पैरेंट कैबिनेट के सदस्यों की मुख्य उपलब्धियों का सारांश

अपने पहले 2.5 वर्षों में, पैरेंट कैबिनेट ने कई प्रमुख परियोजनाओं पर अपनी सलाह दी है, जिनमें OEC का अभिभावक सर्वेक्षण, परिवारों के लिए किंडरगार्टन में आयु परिवर्तन संबंधी ज्ञापन और गवर्नर का Blue Ribbon Panel on Child Care (बाल देखभाल पर ब्लू रिबन पैनल) शामिल हैं। पैरेंट कैबिनेट के सदस्यों ने कई सम्मेलनों में प्रस्तुति दी है, जिसमें National Association of the Education of Young Children (NAEYC) सम्मेलन और कनेक्टिकट में Office of Special Education (OSEP, विशेष शिक्षा कार्यालय) सम्मेलन शामिल हैं। आप पैरेंट कैबिनेट मेंबरशिप - कनेक्टिकट प्रारंभिक बाल्यावस्था कार्यालय पर पिछले वर्षों की उपलब्धियों के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।.

## पहले पैरेंट कैबिनेट सदस्यों के विचार

**"मुझे कुछ दूसरे समर्पित अभिभावक नेताओं के साथ मिलकर काम करने का अवसर मिला, जिनकी सोच मेरी तरह ही थी। वे बदलाव लाना चाहते थे।"**
*- Ruth-Ann*

**"हमारी बातें सचमुच सुनी गई। इसकी वजह से परिवारों के साथ जुड़ना बहुत आसान हो गया। आप सच्चाई के साथ अपनी बात कह सकते थे।"**
*- Krysta*

**"मुझे लगता है कि हम आगे बढ़ने में सक्षम थे क्योंकि हमने इस बात पर विचार किया कि कैबिनेट कैसा होना चाहिए। हमें समुदाय के साथ जुड़ने, सार्वजनिक रूप से बोलने और प्रशिक्षण सत्रों में भाग लेने के अवसर भी मिले..."**
*- Casey*



CONNECTICUT Early Childhood
**Parent Cabinet**
CONNECT • LISTEN • PARTNER • ACT

## पहले पैरेंट कैबिनेट के सदस्यों को सम्मानित करना

OEC वक्ताओं में कनेक्टिकट की लेफ्टिनेंट गवर्नर माननीय Susan Bysiewicz; Administration for Children and Families (ACF, बच्चों एवं परिवारों संबंधी प्रशासन) क्षेत्र 1 के प्रशासक Elaine Zimmerman; पैरेंट कैबिनेट को डिज़ाइन करने वाले सदस्य; पैरेंट कैबिनेट के सदस्य; कमिश्नर Bye; और डिप्टी कमिश्नर Elena Trueworthy शामिल थे, जिन्होंने पिछले 2.5 वर्षों में पैरेंट नेताओं द्वारा दिए गए समय, समर्पण और कार्यों के लिए उनकी सराहना की। गवर्नर Ned Lamont ने हस्ताक्षरित घोषणापत्र जारी कर सदस्यों को उनके प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया तथा उनकी सराहना की। सभी सदस्यों को उनकी सेवा और प्रतिबद्धता के सम्मान में प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए।

OEC इस पहले समूह की सेवा और समर्पण के लिए हमेशा आभारी रहेगा, जिसने अभिभावकों के सुझावों के जरिए नीतियों और कार्यक्रमों को बेहतर बनाने, स्थानीय आवाजों/सुझावों को राज्य स्तर तक पहुंचाने और परिवारों और समुदायों में OEC की सेवाओं के बारे में बताने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हम पूर्व सदस्यों द्वारा दिखाए गए मार्ग के माध्यम से साझेदारी के अगले चरण के लिए उत्साहित हैं!



*इस आयोजन के लिए हमारे वक्ताओं को विशेष धन्यवाद! पैरेंट कैबिनेट के सदस्य: Casey Russo, Ruth-Ann Bucknor, Symone Maguire और Caitlin McNamara. डिज़ाइन समिति के सदस्य: Caroline Austin और Stephan Palmer।*
*तस्वीर में दिख रहे हमारे डिज़ाइन समिति के दूसरे सदस्यों को धन्यवाद: Janine McMahon, Mary McAllister, Malissa Griffith और Joyce Bosco।*

CONNECTICUT Early Childhood
Parent Cabinet
CONNECT • LISTEN • PARTNER • ACT

## नई खबर!

हम अपने पैरेंट कैबिनेट के नए सदस्यों का स्वागत करने के लिए उत्साहित हैं! आवेदन 6 फरवरी से 21 मार्च 2024 तक खुले रहेंगे। हमें राज्य भर में 15 पदों को भरने के लिए कुल 148 आवेदन प्राप्त हुए। चयन समिति में 28 व्यक्ति शामिल थे, जिनमें OEC के स्टाफ, वर्तमान पैरेंट कैबिनेट सदस्य और समुदाय के प्रतिनिधि शामिल थे, जिन्होंने मिलकर एक गहन चयन प्रक्रिया के बाद 15 सदस्यों का चयन किया।

अंतिम पैरेंट कैबिनेट की पुष्टि जून 2024 में की गई। इस समय जिन लोगों का चयन नहीं किया गया, उन्हें परिवारों के साथ जुड़ने और नेतृत्व की भूमिका निभाने के अन्य अवसर प्रदान किए गए। सदस्यों का कार्यकाल 2.5 वर्ष का होता है। हमारे आधे नए सदस्य जुलाई 2024 में कैबिनेट में शामिल हो गए और आधिकारिक तौर पर सितंबर 2024 में काम करना शुरू कर दिया, जबकि बाकी सदस्य जनवरी 2025 में काम शुरू करेंगे। नए सदस्यों को समर्थित महसूस कराने, अपनी भूमिकाएं समझने और उनके सवालों का जवाब देने के लिए वर्तमान पैरेंट कैबिनेट के पूर्व सदस्य और बाकी के सदस्य एक साथ मिलकर नए सदस्यों का मार्गदर्शन करेंगे।

13 सितंबर को हमारे स्टैमफोर्ड पैरेंट कैबिनेट सदस्य के लिए ऑनबोर्डिंग हुई। पहला पैरेंट कैबिनेट ऑनबोर्डिंग रिट्रीट 14 सितंबर, 2024 को आयोजित किया गया था। यह रिट्रीट कुछ वर्तमान सदस्यों द्वारा नए सदस्यों को शामिल करने में मदद करने तथा मूल नेताओं और OEC कर्मचारियों के बीच संबंध बनाने का अवसर प्रदान करने के लिए तैयार किया गया था। हमारे साथ कमिश्नर Bye, डिप्टी कमिश्नर, Nicole Cossette (भाग C की समन्वयक), Karen Pascale (Head Start Collaboration Office (हेड स्टार्ट सहयोग कार्यालय) की निदेशक), Malissa Griffith (कार्यक्रम प्रबंधक - Parent Outreach Initiative (अभिभावक आउटरीच पहल)), Chenae Russell (राज्यव्यापी पैरेंट कैबिनेट की समन्वयक), और Dhwani Pandya (आईटी प्रबंधक) शामिल हुए।







## पैरेंट कैबिनेट का प्रभाव (जनवरी से अगस्त 2024 तक)

**469**
**विभिन्न गतिविधियों पर बिताए गए घंटे**
उदाहरण- फीडबैक देना, प्रस्तुति देना/बोलना, डेटा इकट्ठा करना और संबंध बनाना।

**93**
**स्थानीय जुड़ाव में घंटे**
इसमें अभिभावक राजदूतों, सामुदायिक समूहों से मिलना और कार्यक्रमों में जानकारी प्रदान करने वाले टेबल/स्टॉल लगाना शामिल है।

**सर्वाधिक**
**चर्चित विषय**
बाल देखभाल, सामुदायिक इनपुट, Early Childhood Education (ECE, प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा) कार्यबल, स्वास्थ्य सेवाएं, K-12 और प्रारंभिक बाल्यावस्था, पालन-पोषण से जुड़ी सहायता और विशेष आवश्यकताओं के लिए समर्थन

CONNECTICUT Early Childhood Parent Cabinet
CONNECT • LISTEN • PARTNER • ACT

## 2024 की उपलब्धियां

☑ परिवारों के लिए, किंडरगार्टन में आयु परिवर्तन संबंधी दिशानिर्देशों से जुड़े एक संयुक्त ज्ञापन पर प्रतिक्रिया प्रदान करने में सहायता की।

☑ पालनकर्ता का समर्थन करना: व्यवहारिक स्वास्थ्य पहल पर वेबिनार श्रृंखला। पैरेंट कैबिनेट के कुछ सदस्यों ने अभिभावकों की आत्म-देखभाल पर एक पैनल में भाग लिया।

☑ पैरेंट कैबिनेट पर एक मूल्यांकन रिपोर्ट तैयार की गई तथा सदस्यों के साथ मिलकर एक तर्क मॉडल विकसित किया गया।

☑ पैरेंट कैबिनेट के सदस्यों ने 8 जून, 2024 को 2Gen पैरेंट अकादमी की योजना बनाने में सहयोग किया।

☑ सदस्यों ने Child Care Development Fund Plan (बाल देखभाल विकास निधि योजना) के बारे में जानकारी प्राप्त की और उस पर अपने फीडबैक दिए।

☑ सदस्यों ने अंग्रेजी और स्पेनिश में Care 4 Kids (केयर 4 किड्स) के फीडबैक सत्र को आयोजित करने में मदद की।

☑ Joshua ने न्यू इंग्लैंड फादरिंग कॉन्फ्रेंस में अपने सकारात्मक अनुभव को साझा किया और पिता का धर्म निभाने में पिता की भागीदारी और समानता के महत्व पर बल दिया।



☑ नर्स और परिवार की साझेदारी पर सम्मेलन Ruth-Ann ने National Service Office के लिए अभिभावक राजदूत के रूप में अपनी नियुक्ति के बारे में चर्चा की जहां उन्होंने घर का दौरा करने वाले कार्यक्रमों में अभिभावकों के सुझावों के महत्व पर प्रकाश डाला।

☑ पैरेंट कैबिनेट के सदस्य इसमें शामिल हुए, योजना बनाने में सहायता की और CT Parent Leadership Summit (कनेक्टिकट अभिभावक नेतृत्व सम्मेलन) के पैनल में भाग लिया।

☑ ग्रीन्सबोरो, उत्तरी कैरोलिना में Smart Start Conference (स्मार्ट स्टार्ट सम्मेलन) में प्रस्तुत; अर्लिंग्टन, वर्जीनिया में Child Care Aware Symposium (चाइल्ड केयर अवेयर सिम्पोजियम); और अर्लिंग्टन, वर्जीनिया में Office of Special Education Program Conference (विशेष शिक्षा कार्यक्रम सम्मेलन का कार्यालय) में प्रस्तुति दी।

☑ Early Start CT (अर्ली स्टार्ट कनेक्टिकट) के स्थानीय प्रशासन पार्टनर्स और संरचना में अभिभावक/समुदाय के सुझावों को शामिल करने पर फीडबैक दिया।

☑ पैरेंट कैबिनेट के सदस्य Josh और Cris ने गवर्नर के प्रेस कार्यक्रम में भाग लिया, जहां अतिरिक्त राज्य-वित्तपोषित प्रारंभिक देखभाल और शिक्षा स्थानों और Care 4 Kids कार्यक्रम के माध्यम से सुगमता को बढ़ाने, सामर्थ्य में सुधार और लाभ में कमी को कम करने के लिए बदलावों की घोषणा की गई। इन बदलावों में 1,500 नए Care 4 Kids स्पेस का निर्माण, परिवार शुल्क को 7% पर सीमित करना और परिवारों को Care 4 Kids पर तब तक बने रहने की अनुमति देना शामिल है जब तक कि उनकी घरेलू आय राज्य की औसत आय के 85% तक नहीं पहुंच जाती।

☑ सदस्यों ने OEC और गवर्नर Ned Lamont द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लिया, जिसमें राज्य प्रशासन और सलाहकार नेताओं, नीति निर्माताओं और प्रारंभिक बाल्यावस्था के विशेषज्ञों को राज्य कैपिटल के विधान भवन में "Shaping Connecticut's Tomorrow: A Conversation with Early Childhood Leaders..(कनेक्टिकट के भविष्य को आकार देना: प्रारंभिक बाल्यावस्था के नेताओं के साथ एक बातचीत) विषय पर आयोजित कार्यक्रम के लिए एक साथ लाया गया

## मिशन का उद्देश्य

कनेक्टिकट में छोटे बच्चों वाले परिवारों, समुदायों और OEC के साथ मज़बूत संबंध बनाना, उनके सुझावों को ध्यान से सुनना और उनके साथ साझेदारी करना ताकि सभी माता-पिता की अंतर्दृष्टि को प्रारंभिक बाल्यावस्था प्रणाली में शामिल करना और परिवार द्वारा संचालित न्यायपूर्ण नीतियों और कार्यक्रमों को सुनिश्चित करना।



## OEC पैरेंट कैबिनेट के पूर्व सदस्य

Bianca Shinn, स्टैमफ़ोर्ड (क्षेत्र 1)
Ruth-Ann Bucknor, अनकैसविले (क्षेत्र 3)
Krysta Chambers, वेस्ट हार्टफ़ोर्ड (क्षेत्र 4)
Christina Augliera, टोरिंगटन (क्षेत्र 5)
Casey Russo, मेरिडेन (क्षेत्र 6)

## OEC पैरेंट कैबिनेट के वर्तमान सदस्य

Kaitlyn Heffernan, स्ट्रैटफ़ोर्ड (क्षेत्र 1) (पूर्व सदस्य 2025)
Regan Allan, स्टैमफ़ोर्ड (क्षेत्र 1)
Symone Maguire, हैमडेन (क्षेत्र 2) (पूर्व सदस्य 2025)
Raquel Sanchez-Ramirez, न्यू हेवन (क्षेत्र 2)
Marinda Monfilston, क्रॉमवेल (क्षेत्र 3) (पूर्व सदस्य 2025)
Tiffanie Allain, ब्रुकलिन (क्षेत्र 3)
Jessica Stark, मिडलटाउन (क्षेत्र 3)
Caitlin McNamara, मैनचेस्टर (क्षेत्र 4) (पूर्व सदस्य 2025)
Tricia Hamlin, वेस्ट हार्टफ़ोर्ड (क्षेत्र 4)
Cris Jimenez, टोलैंड (क्षेत्र 4, बड़े क्षेत्र का प्रतिनिधि)
Maria Del Pilar Vargas, डैनबरी (क्षेत्र 5) (पूर्व सदस्य 2025)
oshua Vaughn, नॉगाटक (क्षेत्र 5) (पूर्व सदस्य 2025)
Amber Alessandro, डेनबरी (क्षेत्र 5)
Ivoni Montes, वेथर्सफ़ील्ड (क्षेत्र 6) (पूर्व सदस्य 2025)
Jennifer St. John, ब्रिस्टल (क्षेत्र 6)

## जनवरी 2025 में शामिल होने वाले OEC पैरेंट कैबिनेट के सदस्य

Jenny Canepa, स्टैमफ़ोर्ड (क्षेत्र 1)
Shannon Knox, न्यू हेवन (क्षेत्र 2) Christina Pace, कोलचेस्टर (क्षेत्र 3)
Kelly Sorrow, वर्नोन (क्षेत्र 4)
Kelly Collier, न्यूटाउन (क्षेत्र 5)
Mallory Paige, डैनबरी (क्षेत्र 5)
Stephanie Thompson, चेशर (क्षेत्र 6)






# धन्यवाद!

पैरेंट कैबिनेट हमारे सभी समर्थकों को हार्दिक धन्यवाद देना चाहता है जो अभिभावकों की आवाज को बुलंद करने में योगदान देते हैं। पैरेंट कैबिनेट के बारे में अधिक जानकारी के लिए यहां जाएं:
**ctoec.org/parent-cabinet**